

सभी समय के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में होती है गिनती

रणजीत सिंह जी विभाजी जडेजा नवानगर के 10वें जाम साहब और प्रसिद्ध क्रिकेटर थे, उनको नवानगर के जाम साहब, कुमार रणजीत सिंहजी, रणजी और स्मिथ के नाम से भी जाना जाता है। वे एक बेहतरीन क्रिकेटर बल्लेबाज थे, जिन्होंने भारतीय क्रिकेट के विकास में अहम भूमिका अदा की, क्योंकि उनसे पहले कोई ऐसा क्रिकेटर नहीं था, जिसको अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना का मौका मिला हो। वे इंग्लिश क्रिकेट टीम के तरफ से खेलने वाले विख्यात क्रिकेटर थे। रणजीत सिंह दाएं हाथ के बल्लेबाज थे और धीमी गेंदबाजी भी किया करते थे, लेकिन टेस्ट क्रिकेट की चार पारियों में उनको सिर्फ एक ही विकेट मिला था, लेकिन फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उन्होंने 133 विकेट निकाले थे।

## वो खिलाड़ी, जिसके नाम पर पड़ा 'रणजी ट्राफी' का नाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बड़े आश्चर्य की बात है कि जिस खिलाड़ी ने कभी भारत के लिए एक मैच भी नहीं खेला, उसके नाम पर देश का सबसे बड़ा घरेलू टूर्नामेंट यानी रणजी ट्राफी खेली जाती है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआइ द्वारा हर सीजन में रणजी ट्राफी नाम से फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेली जाती है, जिसमें तीन दर्जन से ज्यादा टीमें भाग लेती हैं। इस ट्राफी का नाम उस खिलाड़ी के नाम पर रखा गया है, जिसने जीवनभर इंग्लैंड के लिए क्रिकेट खेली। दरअसल, हम बात कर रहे हैं क्रिकेटर रणजीत सिंह जी की, जिनकी आज जन्म जयंती है। 10 सितंबर 1872 को काठियावाड़ (गुजरात) में जन्मे रणजीत सिंह जी ने इंग्लैंड के लिए क्रिकेट खेली थी, क्योंकि उस समय भारत अंग्रेजों के अधीन था और भारत के पहले खिलाड़ी थे, जो इंटरनेशनल क्रिकेट खेले थे। रणजीत सिंह जी ने साल 1896 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इंग्लैंड के लिए आस्ट्रेलिया के खिलाफ डेब्यू किया था। 1896 से 1902 तक उन्होंने कुल 15 मैच इंग्लैंड के लिए खेले थे। रणजीत सिंह जी ने टेस्ट डेब्यू में कंगारू टीम के खिलाफ शतक जड़ा था।

# कोविड–19 के चलते रद्द किया गया 5वां टेस्ट

**क्रिकेट**

## इसीबी ने जारी किया बयान– भारतीय टीम मैदान पर नहीं उतर सकती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच खेला जाने वाला पांचवां टेस्ट मैच कैंसिल कर दिया गया है। भारतीय टीम के सपोर्ट स्टाफ में से कई कोविड–19 पॉजिटिव पाए गए थे। इनमें हेड कोच रवि शास्त्री, गेंदबाजी कोच भरत अरुण, फील्डिंग कोच आर श्रीधर और फिजियो नितिन पटेल शामिल हैं। मैच कैंसिल होने के बाद शास्त्री फैन्स के निशाने पर हैं। उसकी वजह भी है। चौथा टेस्ट शुरू होने से दो दिन पहले शास्त्री और टीम इंडिया के प्लेयर्स ने एक इवेंट में शिरकत की थी। उसी इवेंट को भारतीय खेमे में कोविड फैलने के पीछे जिम्मेदार बताया जा रहा है।

चौथे टेस्ट से पहले की है घटना द ओवल में चौथा टेस्ट 2 सितंबर से शुरू हुआ। उससे दो दिन पहले, एक होटल में रवि शास्त्री की नई किताब का लॉन्चिंग इवेंट रखा गया।




शास्त्री तो उस इवेंट में मौजूद थे ही, कप्तान विराट कोहली समेत कई खिलाड़ी भी हिस्सा लेने पहुंचे। भारतीय टीम भले ही बायो–बबल में नहीं है, फिर भी स्क्योर एन्वायरनमेंट में रह रही है। जो खिलाड़ी इवेंट में नजर आए, उनमें कोहली के अलावा अजिंक्य रहाणे, चेतेश्वर पुजारा, जसप्रीत बुमराह, शार्दुल ठाकुर, सूर्यकुमार यादव समेत सपोर्ट स्टाफ के सदस्य भी मौजूद थे।

**बीसीसीआई ने लगाई थी प्लेयर्स को लताड़:** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस हरकत पर नाराजगी जाहिर की थी। खबर के अनुसार, शास्त्री और प्लेयर्स ने इस इवेंट में जाने की परमिशन नहीं ली थी। बीसीसीआई के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा था, बोर्ड मामले की जांच करेगा। इस घटना से बोर्ड शर्मिंदा हुआ है। कोच और कैप्टन को ओवल में चौथे टेस्ट के बाद सफाई देने के लिए कहा जाएगा। टीम के प्रशासनिक मैनेजर गिरीश डोंगरे की भूमिका भी जांच के दायरे में है।

**अब रवि शास्त्री पर फूटा फैन्स का गुस्सा:** शास्त्री और भारतीय टीम मैनेजमेंट को उस वक्त भी लताड़ा गया था। अब पांचवां टेस्ट रद्द होने के बाद फिर से उन्हें खरी–खोटी सुनाई जा रही है। कई लोगों ने उस इवेंट की तस्वीरें शेयर की हैं और शास्त्री पर ऐक्शन लेने की मांग हो रही है। हालांकि शास्त्री के समर्थन में भी ट्वीट्स हो रहे हैं। पूर्व क्रिकेटर इजाबेल वेस्टबरी ने लिखा कि बुक लॉन्च की आलोचना तो खूब होगी। एक तरफ, प्लेयर्स और स्टाफ का बिना सावधानी के पब्लिक से मिलना बेवकूफाना है, मगर दूसरी तरफ सख्त बायोसिक्योर एन्वायरनमेंट नहीं था।

## बीसीसीआई ने टेस्ट रद्द होने पर फैंस से मांगी माफी, बोला– खिलाड़ियों की सुरक्षा सर्वोपरि

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच रद्द हुए 5वें टेस्ट को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का ऑफिशियल बयान आ गया है। बोर्ड ने फैंस से माफी मांगते हुए इस मैच को रीशेड्यूल कराने की बात कही है। यानी सीरीज में भारत की 2–1 से बढ़त बरकरार रहेगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने बयान में कहा– भारत ने इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के साथ संयुक्त रूप से भारत के इंग्लैंड दौरे 2021 में मैनचेस्टर में होने वाले 5वें टेस्ट मैच को रद्द करने का फैसला किया है।

बोर्ड ने आगे कहा– बीसीसीआई और ईसीबी ने टेस्ट

सीरीज में भारत की 2–1 से बढ़त बरकरार रहेगी

मैच खेलने का तरीका खोजने के लिए कई दौर की चर्चा की। हालांकि, भारतीय टीम के दल में कोविड –19 के प्रकोप ने ओल्ड ट्रैफर्ड टेस्ट मैच को रद्द करने के निर्णय को मजबूर कर दिया। बीसीसीआई और ईसीबी के बीच मजबूत संबंधों के बदले बीसीसीआई ने ईसीबी को रद्द किए गए टेस्ट मैच के पुनर्निर्धारण की पेशकश की है। दोनों बोर्ड इस टेस्ट मैच को फिर से शेड्यूल करने के लिए एक विंडो खोजने की दिशा में काम करेंगे। बोर्ड ने कहा– बीसीसीआई ने हमेशा कहा है कि खिलाड़ियों की सुरक्षा और भलाई सर्वोपरि है और उस पहलू पर कोई शामिल नहीं होगा। बीसीसीआई ईसीबी को इस कठिन समय में सहयोग और समझ के लिए धन्यवाद देना चाहता है। एक रोमांचक सीरीज को पूरा नहीं कर पाने के लिए हम प्रशंसकों से माफी मांगना चाहते हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्य कोच रवि शास्त्री और गेंदबाजी कोच भरत अरुण के बाद सहायक फिजियो योगेश परमार के कोविड–19 के लिये पॉजिटिव पाये जाने के बाद खिलाड़ियों पर खतरा मंडरा रहा था। हालांकि, खिलाड़ियों का परीक्षण नेगेटिव आया था लेकिन खिलाड़ियों के आगे परीक्षण पॉजिटिव आने की दशा में 10 दिन तक यूएई में क्वारंटीन पर रहने का जोखिम नहीं उठाना चाहता था।

## इंडिया का मेंटॉर बनना शॉर्ट टर्म टॉनिक या बड़ी भूमिका की आहट?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आगामी आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के लिए महेंद्र सिंह धोनी को टीम इंडिया का मेंटॉर बनाए जाने के साथ ही हर क्रिकेट फैन के मन में कई सवाल उठ रहे हैं कि बीसीसीआई ने पूर्व भारतीय कप्तान को क्यों चुना? क्या यह उस टीम के लिए एक अल्पकालिक टॉनिक है जो अक्सर आईसीसी आयोजनों में लड़खड़ाती है या भविष्य में धोनी की बड़ी भूमिका का इंतजार है? इससे एक और सवाल उठता है कि मुख्य कोच के रूप में रवि शास्त्री का भविष्य अब कितना सुरक्षित है? सूत्रों के मुताबिक बीसीसीआई सचिव जय शाह ने धोनी को भारतीय टीम में मेंटॉर के तौर पर लाने की पहल शुरू कर दी थी। बहुत कम लोग, यहां तक कि बीसीसीआई के बड़े से बड़े अधिकारी भी इस कदम के बारे में नहीं जानते थे। दिलचस्प बात यह है कि बुधवार को वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बड़े फैसले की घोषणा के समय बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली मौजूद नहीं थे। उनकी अनुपस्थिति को कई निटिजन्स ने भी महसूस किया था। हालांकि, बीसीसीआई प्रमुख के पास अपने कारण थे।

## न्यूज डायरी




### राशिद खान ने टी20 वर्ल्डकप से पहले क्यों छोड़ी टीम की कप्तानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2021 के लिए जैसे ही अफगानिस्तान की 15 सदस्यीय टीम का एलान किया गया, उसके बाद टीम के स्पिनर व कप्तान राशिद खान ने अपना पद छोड़ दिया। इसके बाद मो. नबी को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। राशिद खान ने कप्तानी इस वजह से छोड़ी क्योंकि वर्ल्ड कप के लिए चुनी गई टीम के चयन में उनसे कोई राय नहीं ली गई। वहीं अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बताया कि, किस वजह से राशिद खान ने टीम की कप्तानी छोड़ दी। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रवक्ता ने क्रिकबज से बात करते हुए कहा कि, वर्ल्ड कप के लिए जिस टीम का चयन किया गया उससे राशिद खान खुश नहीं थे, क्योंकि इस दल में कई पुराने खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जब उन्होंने टीम देखी तो उससे वो गुस्से में आ गए और फिर कप्तानी के पद से हट गए। टीम के प्रवक्ता ने कहा कि, राशिद खान अब टीम की कप्तानी नहीं करेंगे और ये सारी घटनाएं महज कुछ घंटो के भीतर हुआ।

### टी20 वर्ल्डकप के लिए वेस्टइंडीज के टीम की घोषणा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आइसीसी टी20 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज ने अपनी टीम घोषित कर दी है। अनुभवी बल्लेबाज क्रिस गेल और आलराउंडर ड्वेन ब्रावो को विंडीज बोर्ड ने 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया है। विंडीज बोर्ड ने ट्वीट करके टीम का एलान किया। टीम की अगुआई कीरोन पोलार्ड करेंगे। बीसीसीआई की मेजबानी में 17 अक्टूबर से 14 नवंबर के बीच यूएई और ओमान में इस विश्व कप का आयोजन किया जाना है। टी20 विश्वकप जीतने की दावेदार मानी जा रही वेस्टइंडीज ने अनुभवी खिलाड़ियों से भरी टीम की घोषणा की है। इस टीम में दुनिया के सबसे विस्फोटक ओपनर माने जाने वाले क्रिस गेल को जगह दी गई है। वहीं साल 2013 के बाद पहली बार किसी आइसीसी टूर्नामेंट में उतरने वाले कीरोन पोलार्ड को टीम की मान दी गई है। ड्वेन ब्रावो, लेंडल सिमंस जो इससे पहले भी टी20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रह चुके हैं।

### अफगानिस्तान को टी20 वर्ल्ड कप में टीम करें बायकाट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान टिम पेन ने कहा कि अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच के आगे बढ़ने की संभावना दिखाई नहीं दे रही है, क्योंकि तालिबान महिलाओं को क्रिकेट खेलने के लिए अनुमति नहीं दे रहा है। कंगारू टीम के टेस्ट कैप्टन ने ये भी सवाल किया कि खेल का शासी निकाय इस मुद्दे पर चुप क्यों है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने भी स्पष्ट कर दिया है कि अगर अफगानिस्तान की महिला क्रिकेटरों को खेलने की अनुमति नहीं मिलती है तो हम अफगानिस्तान की पुरुष टीम की मेजबानी नहीं करेंगे। आस्ट्रेलिया 27 नवंबर से होबार्ट में अफगानिस्तान की पुरुष टीम के खिलाफ टेस्ट मैच खेलने की तैयारी में थी, लेकिन लेकिन क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने गुरुवार को कहा कि अगर अफगानिस्तान में महिला क्रिकेट का समर्थन नहीं किया जाएगा तो वह अफगानिस्तान की पुरुष टीम की मेजबानी नहीं करेंगे।

### विनेश फोगाट की कोहनी का ऑपरेशन सफल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट की दाहिनी कोहनी का बुधवार को ऑपरेशन किया गया। वह कुछ दिन पहले ही विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल्स से हट गई थीं। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी ट्रायल्स के पहले मुकाबले में उतरने के बाद 31 अगस्त को इससे हट गई थीं। तब उन्होंने कहा था कि वह चोट के कारण नहीं हट रही हैं और उन्हें चक्कर आना जैसा महसूस हो रहा था। विनेश ने अस्पताल से अपनी तस्वीर पोस्ट करते हुए ट्वीट किया, कोहनी का ऑपरेशन हो गया। मैं कितनी बार भी गिरूं, फिर भी उठूंगी। तोक्यो ओलिंपिक में विनेश का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था।